# छुहिया घाटी में बनेगी 6 लेन टनल, डीपीआर के लिए 5 करोड़ की मंजूरी

## 14 .50 किलोमीटर लंबाई की टनल का होगा निर्माण, कठिन चढ़ाई एवं सड़क की लंबाई भी घटने से समय की काफी बचत होगी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 11 मार्च। सीधी-रीवा की सीमा पर स्थित छुहिया घाटी में 6 लेन टनल का निर्माण होगा। मोहनिया टनल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शासन ने टनल निर्माण की डीपीआर के लिए 5 करोड़ रुपए की मंजूरी देकर टनल निर्माण की राह को प्रशस्त कर दिया है। रीवा-सीधी-शहडोल मार्ग की छुहिया घाटी में 6 लेन टनल का निर्माण हो जाने के बाद वाहनों की आवाजाही में जहां काफी सुविधा मिलेगी वहीं कठिन चढ़ाई एवं सडक़ की लंबाई भी घटने से समय की काफी बचत होगी। 14.50 किलोमीटर लंबाई की टनल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।**

### उप मुख्यमंत्री की पहल से मिल रही सौगात

सीधी-रीवा की सीमा पर स्थित छुहिया घाटी में 6 लेन टनल की सौगात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर मिल रही है। वर्षों से लंबित इस मांग को स्वीकृति दिलाने में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का विशेष योगदान है। छुहिया घाटी में 6 लेन टनल निर्माण की स्वीकृति मिलना विंध्य क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। छुहिया घाटी की कठिन राह अब विकास की सुरंग में बदलने जा रही है। यह केवल सड़क नहीं बल्कि विंध्य के भविष्य की नई दिशा और सुरक्षित आधुनिक कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कदम है। मालूम रहे कि इससे पूर्व लगभग 3 किलोमीटर की टनल सीधी-रीवा गुढ़ मार्ग में कैमोर पहाड़ में किया जा चुका है। इस टनल के निर्माण के बाद अंधे मोड़ एवं पहाड़ी चढ़ाई से निजात मिल चुकी है। पहले सीधी-रीवा मार्ग में चलने वाले वाहनों के डेढ़ से दो घंटे का समय लगता था। अब टनल निर्माण के बाद यह समय एक घंटे का हो गया है। कैमोर पहाड़ में भी टनल का निर्माण कराने में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का विशेष योगदान रहा है। उनकी पहल एवं तत्परता से ही कैमोर पहाड़ में टनल का निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया गया है।



यह परियोजना न केवल सीधी बल्कि शहडोल क्षेत्र के लोगों के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि सीधी-रीवा और शहडोल-रीवा मुख्य सड़क मार्ग पर आवागमन अधिक आसान और तेज हो जाएगा। वर्तमान में छुहिया घाटी में तीखे और अंधे मोड़ होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। टनल निर्माण के बाद इन जोखिमों से काफी हद तक राहत मिलेगी और यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से पूरे क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद है और स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। मालूम रहे कि छुहिया घाटी में टनल निर्माण की मांग काफी अर्से से की जा रही थी। अब यह चर्चित योजना धरातल पर उतरने जा रही है।

छुहिया घाटी से वाहनों का गुजरना हमेंशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। सकरी सड़क, अंधे मोड़ और पहाड़ी ढ़लान के कारण यह मार्ग लंबे समय से दुर्घटनाओं का केन्द्र बना हुआ था। 14.50 लंबाई की टनल का निर्माण होने के बाद आगे सफर करने पर एक घंटे का समय बचेगा। प्रस्तावित 6 लेन टनल बनने से रीवा-शहडोल मार्ग की दूरी लगभग 14 से 20 किलोमीटर तक कम हो सकती है। वहीं सीधी जिले की दूरी भी 12.15 किलोमीटर कम हो जाएगी। छुहिया घाटी से सीधी से रीवा, सीधी से सतना, रीवा से अनूपपुर, अमरकंटक और छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले हजारों वाहन प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं। अभी तक जाम, अंधे मोड़ और जोखिम भरे चढ़ाई के कारण सफर थकाऊ और असुरक्षित है। टनल निर्माण के बाद यह मार्ग तेज, सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। छुहिया घाटी को लोग कई कठिनाइयों से भरा सफर मानते हैं। वाहनों के लिए अंधे मोड़ की समस्या जहां टनल का निर्माण होने से दूर हो जाएगी वहीं बरसात के दिनों में पहाड़ी कटाव और भू-स्खलन पर नियंत्रण मिलेगा। साथ ही छुहिया घाटी का स्थल काफी एकांत होने के कारण आपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही आपातकालीन सेवाओं को त्वरित पहुंच संभव हो जाएगी। छुहिया घाटी में टनल का निर्माण समूचे विंध्य क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है।

यह टनल मध्य प्रदेश को छत्तीसगढ़ से जोड़ेगी और यह कनेक्टिविटी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। छुहिया घाटी में टनल निर्माण के लिए डीपीआर की स्वीकृति मिलने के बाद से ही सीधी जिले के साथ ही समूचे विंध्य क्षेत्र में काफी खुशी की लहर है। लोग यह मान रहे हैं कि छुहिया घाटी में 6 लेन टनल का निर्माण होने के बाद भारी वाहनों की सबसे ज्यादा मुश्किलें समाप्त हो जाएंगी।

### इनका कहना है

टनल निर्माण के लिए अभी टेण्डर प्रोसेस में है। टेण्डर कॉल भोपाल से होना है। डीपीआर के अमाउंट के बाद क्या कास्ट आयेगी, उसी के बाद टेण्डर कॉल होगा। मैं समझता हूं कि इस पूरी प्रक्रिया में अभी कुछ समय लगेगा।

**अवधेश स्वर्णकार**
**संभागीय प्रबंधक**
**एमपीआरडीसी-संभाग**
**शहडोल**

# भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष की सुपुत्री के आसमायिक निधन पर जताया शोक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। भारतीय जनता पार्टी की प्रबंध समिति की बैठक में भाग लेने आए प्रदेश के लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री के आसमायिक निधन का समाचार प्राप्त होते ही अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए।**



सादगीपूर्ण वातावरण में प्रबंध समिति की बैठक के पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि म.प्र. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। शोकमय परिवार जनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। प्रभारी मंत्री कहा कि ने ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा इस दु:ख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण कर धारण किए। शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी, सीधी विधायक रीती पाठक, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, जिपं अध्यक्ष मंजू रामजी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कमला कॉलेज में यूनियन बजट 2026-27 विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। स्थानीय कमला स्मृति महाविद्यालय पड़रा में 10 मार्च को यूनियन बजट 2026-27 विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।**




मुख्य अतिथि सहायक निदेशक अरुण ओझा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट विष्णुकांत द्विवेदी एवं तरुणेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह चौहान ने की। मुख्य अतिथि अरुण ओझा ने कहा कि भविष्य की अर्थव्यवस्था ज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी कौशल पर आधारित होगी। इसलिए युवाओं को एआई, नवाचार और आर एंड डी आधारित शिक्षा से जुड़ना चाहिए। एडवोकेट विष्णुकांत द्विवेदी ने कहा कि बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं बल्कि निवेश, उद्यमिता और आर्थिक विकास को दिशा देने वाला दस्तावेज है। तरुणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप और एमएसएमई को बढ़ावा देकर यह बजट युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा। अध्यक्षता करते हुए डॉ.रोहित सिंह चौहान ने कहा कि छात्रों को तकनीकी दक्षता के साथ आर्थिक और डिजिटल जागरूकता भी विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं विषय-परिचय वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.मंगलेश्वर गुप्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन नीतू सिंह ने किया तथा आभार डॉ.सुनीता सक्सेना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अत्यधिक बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान, बघवारी में हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। जिले में अत्यधिक बिजली बिल को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के कई परिवारों को 60 हजार से 80 हजार रुपये तक के अत्यधिक बिजली बिल थमा दिए गए हैं, जिससे गरीब और मजदूर परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।**



इसी समस्या को लेकर ग्राम बघवारी में बिजली उपभोक्ताओं की एक बैठक आयोजित की गईए जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। लोगों ने आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से भारी-भरकम बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। बैठक में टोको-रोंको-ठोको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी से आम जनता परेशान है। गलत तरीके से भेजे गए बिजली बिलों में तत्काल सुधार किया जाए अन्यथा बिजली उपभोक्ता आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। देवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि क्षेत्र के अधिकतर लोग मजदूरी और खेती पर निर्भर हैं, ऐसे में इतने भारी बिजली बिल भरना उनके लिए असंभव है। प्रशासन को तुरंत हस्तक्षेप कर लोगों को राहत देनी चाहिए। प्रभात वर्मा ने कहा कि बिजली विभाग को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। गलत तरीके से भेजे गए बिजली बिलों की तुरंत जांच कर सुधार किया जाए ताकि गरीब और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। विकाश नारायण तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोग एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे। बैठक में रामगोपाल कोल, बाबा कोल, पियारे कोल, मोहन यादव, श्रीमती लीला यादव, बड़किया कोल, रामरहीश, हितुबा कोल और बंसराखन कोल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि 18 मार्च को दोपहर 2 बजे से ग्राम पंचायत बघवारी मौहार में फिर से बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय करते हुए आंदोलन की तारीख घोषित की जाएगी। क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है 18 मार्च की बैठक में अधिक संख्या में पहुंचे।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

**सीधी 11 मार्च।** जिला रोजगार अधिकारी ने कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी के संयुक्त तत्वाधान में 12 मार्च को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के परिसर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।



# ट्रायवल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने सेनि . कर्मचारियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। जनजातीय कार्य विभाग सीधी मे पदस्थ रहे कनिष्ठ लेखाधिकारी यूएसडी दुबे एवं सहायक ग्रेड 4 के विनोद कुमार पाठक 28 फरवरी को सेवानिवृत हो गए, जिनके मुख्य अतिथि में बुधवार 11 मार्च को परियोजना प्रशासक एस.एन. द्विवेदी की विशेष उपस्थिती में ट्रायवल वेलफेयर टीचर्स ऐसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनीत शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा के द्वारा होटल 7 इलेवन में विदाई सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

42 वर्षो तक शासकीय सेवा मे कार्य करने वाले यूएसडी दुबे ने कहा की मुझे आज जो सम्मान मिला, कभी पुण्य लाभ का कार्य किया रहा हुआ होंगा, जिसका परिणाम है आप सबका स्नेह इसी तरह बना रहा रहे। वहीं विनोद कुमार पाठक ने कहा कि इस विभाग मे 10 सितम्बर 1989 को नौकरी की मैंने शुरुआत किया। जिस कार्यालय मे पदस्थ रहा उसी कार्यालय से रिटायर हो गया, यह आप सबका प्यार और आशीर्वाद था। मैं इसको बड़ी उपलब्धि मानता हूं। उक्त कार्यक्रम में जन जातीय कार्य विभाग से शिवेन्द्र सिंह, कृपाचार्य गौतम, अमृतलाल गुप्ता, रिटायर्ड प्राचार्य पीपी सिंह, प्राचार्य द्वय पीके पाण्डेय, सुजीत कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, बृजेश कुमार पनिका, रामलल्लू पनिका, आरपी पाण्डेय, अशोक बैस, मनोज मिश्रा, केएन मिश्रा, क्षेत्र संयोजक संजय सिंह, भारत चौहान, अधीक्षक रमेश पाठक, राममिलन प्रजापति, हिमांशु शुक्ला, कमलेश पाण्डेय, केपी सिंह चौहान, रिटायर प्रधानाध्यापक एपी सिंह, शिक्षक राहुल सिंह बघेल, प्रमोद पाण्डेय, कमलेश तिवारी, सजन सिंह, जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय से शैलेन्द्र शुक्ला, आशा गुप्ता, रूचि मिश्रा, नागेन्द्र पटेल, प्रभात रावत, अमित जाटव, अनूप कुमार, अजय सिंह, अलोक सिंह, महेन्द्र पाण्डेय सहित जन जातीय कार्य विभाग का अन्य स्टाफ, प्राचार्य, अधीक्षक एवं शिक्षक जन उपस्थित थे।

## एक नजर में

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

**सीधी।** थाना मड़वास अंतर्गत ग्राम समदा में मंगलवार को एक 5 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई।



घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम समदा निवासी सोमेश्वर सिंह का पुत्र सोनम सिंह उम्र 5 वर्ष घर के पश्चिम तरफ 200 मीटर दूरी पर स्थित तालाब में डूब गया। जब बालक काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन ढूंढने लगे। वही सोमेश्वर सिंह को बालक का शव तालाब में तैरता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना थाना मड़वास को दी गई। आनन-फानन में बालक को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बालक की सांसे रूक चुकी थी। रात होने की वजह से परिजनों ने शव को घर में सुरक्षित रखा। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु शव कोमड़वास भेजा। पोस्टमार्टम पश्चात शव का दाह संस्कार परिजनों ने किया।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कल

**सीधी।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में 13 मार्च को सीधी जिले की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। साथ ही कलेक्टर्स- कमिश्नर कांफ्रेंस के एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन की प्रकरणवार स्थिति, ई-ऑफिस की प्रगति, लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा तथा जारी पीपीओ के विरुद्ध किए गए भुगतान की स्थिति का भी परीक्षण किया जाएगा। कमिश्नर द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समय-सीमा में निराकरण तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएंगे। बैठक में सीधी जिले के सभी विभागीय जिला अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**सीधी।** संयोजक जिला मूल्यांकन समिति ने जानकारी देकर बताया कि मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, 2018 के नियम 4( 1 ) के तहत जिले की अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम के नियम 4( 2 ) के अंतर्गत गठित जिला मूल्यांकन समिति के सदस्यों द्वारा जिले की उप जिला मूल्यांकन समितियों से अनुमोदन उपरांत प्राप्त प्रस्तावों तथा अन्य विभागों एवं स्त्रोतों से प्राप्त सुझावों का विश्लेषण एवं अनुमोदन किया जाना है। यह प्रस्ताव जिले की स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य के निर्धारण से संबंधित हैं। उक्त कार्यवाही के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक दिनांक 12 मार्च 2026 को प्रात : 11 बजे कलेक्टर कार्यालय, जिला सीधी के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

# बुढ़वा मंगल पर नपा उपाध्यक्ष के यहां आयोजित हुआ फाग कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान के निज निवास राज भवन डैनिहा में बुढ़वा मंगलवार पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मुहल्ले एवं बाजार क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।**



कार्यक्रम में लोगों के लिए स्वल्पाहार की भी विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और लोगों के बीच सकारात्मक माहौल बनाते हैं। उन्होंने सभी से नगर के विकास और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ संविदाकार रामदुलारे चतुर्वेदी, बी.पी.मिश्रा, बृजेश सिंह गोरे, हर्ष सिंह अंशू, गजाधर सिंह चौहान, संजय शुक्ला, संजय सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रवीण तिवारी, अखिलेश चतुर्वेदी, पुनीत सिंह चौहान, शिवेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह, प्रभु सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे थे और आपसी मेल-मिलाप का आनंद ले रहे थे।

# गजरी केन्द्र का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने किया निरीक्षण

## जंगल बचाओ, महुआ से रोजगार बढ़ाओ - गजरी में शुरू हुआ जागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 11 मार्च। मझौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गजरी स्थित महुआ प्रसंस्करण केन्द्र का जिला पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिमा उत्पादक समूह की महिलाओं से यूनिट के संचालन, लागत, लाभ, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा की।**

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सोलंकी ने सुझाव देते हुए कहा कि यदि महुआ कुकीज एवं महुआ लड्डू की विभिन्न वैरायटी के साथ किड्स पैक तैयार किया जाए तो बाजार में इसकी मांग और बढ़ सकती है। उन्होंने महिलाओं को उत्पादों की गुणवत्ता के साथ-साथ बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन को सुरक्षित रखना है तो जंगलों का संरक्षण आवश्यक है, इसलिए जंगलों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने महुआ पेड़ों के नीचे आग न लगाने की अपील करते हुए बताया कि आग लगाने से मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचता है, जो मानव हित में नहीं है। साथ ही उन्होंने महुआ को सुरक्षित तरीके से एकत्रित करने के लिए नेट के माध्यम से संग्रहण करने की



सलाह दी तथा उत्पादक समूहों को महुआ नेट उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि हरित भारत फंड परियोजना के अंतर्गत इंस्टिट्यूट ऑफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग संस्था एवं मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

श्री सोलंकी ने इस प्रकार के प्रयास अन्य ग्रामों में भी विस्तार करने की बात कही, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान महुआ पेड़ों के नीचे आग न लगाने के संबंध में जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया गया, जिसे इंस्टिट्यूट ऑफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग संस्था एवं मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन जिला पंचायत सीधी के माध्यम से परियोजना क्षेत्र में संचालित किया जाएगा।

### निरीक्षण में ये रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी धनंजय मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह, विकासखंड परियोजना प्रबंधक चंद्रकांत सिंह, हरित भारत फंड परियोजना के परियोजना प्रबंधक हिमांशु भारद्वाज, सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट स्वामीशरण कुशवाहा, राजीव जायसवाल, मंजू सिंह, कलावती साकेत, चंद्रावती, गीता, श्यामकली सहित उत्पादक समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।